Rajasthan

BhIM
भारत इंटीग्रेशन मिशन

LiFE
Lifestyle for Environment

क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एफः 470,यू.सी.सी.आई. भवन के पास,मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, मादडी, उदयपुर (राज.)
ई–मेल : rorpcbudaipur@gmail.com फोन नं. : 0294-2491269

पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना

विषयः– मैसर्स महावीर ट्रेडिंग कम्पनी, एम.एल.न. 01/2003 (क्षैत्रफल 34.22 हैक्टेयर) ''सोपस्टोन एण्ड़ डोलोमाईट'', ग्राम–खाण्ड़ेल की पाल, तहसील–झल्लारा, जिला–सलूम्बर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मैसर्स महावीर ट्रेडिंग कम्पनी, एम.एल.न. 01/2003 (क्षैत्रफल 34.22 हैक्टेयर) ''सोपस्टोन एण्ड़ डोलोमाईट'', ग्राम–खाण्ड़ेल की पाल, तहसील–झल्लारा, जिला–सलूम्बर** प्रस्तावित परियोजना **सोपस्टोन एण्ड़ डोलोमाईट माईन (एम.एल.न. 01/2003 क्षैत्रफल 34.22 हैक्टेयर) उत्पादन परियोजना क्षमता 271003 टन प्रतिवर्ष (रोम)** का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है।
2. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है ।
3. उक्त परियोजना से सबन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नाकिंत कार्यालयों पर उपलब्ध हैः–
   1) कार्यालय जिला कलेक्टर, सलूम्बर।
   2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय – 4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए–216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डुँगरी, जयपुर।
   4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.)
   5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सलूम्बर।
   6) उपखण्ड अधिकारी, तहसील–झल्लारा, जिला–सलूम्बर।
   7) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ–प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर।
   8) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ–470, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, मादड़ी उदयपुर (राज.)।

अतः सर्व साधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई **दिनांक 07.02.2025 (शुक्रवार) को प्रातः 11:30 बजे, राजीव गांधी सेवा केन्द्र, घटेड़, ग्राम पंचायत घटेड़, तहसील–झल्लारा, जिला–सलूम्बर** में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।

साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण, मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर मे भी प्रस्तुत किये जा सकते है।

क्षेत्रीय अधिकारी